## खबर संक्षेप

### इंदौर में हुई दूषित पानी की घटना से सबक ले प्रशासन

**छिंदवाड़ा:** इंदौर में दूषित पानी पीने से आमजन की मौत होने एवं सैंकड़ों मरीज आज भी गंभीर हालत में होने को लेकर समाजसेवी दयानंद चैरसिया ने चिन्ता जाहिर कर इंदौर में हुई इस अमानवीय घटना को लेकर दुख व्यक्त किया। दयानंद ने बताया कि हमारे निगम प्रशासन को भी इंदौर में हुई इस दूषित पानी की घटना से सबक लेना चाहिये। क्योंकि हमारे नगर निगम क्षेत्र में नालियों के अंदर से पाईप लाईन गई हैं, और पानी की पाईप वर्षों पुरानी एवं पी.बी.सी. पाईप की होने के कारण नाली साफ-सफाई एवं बारिस के दिनों में जल भराव से जहॉ-तहॉ से टूटने और उनमें क्रेक आ जाने से क्षतिग्रस्त हो गई है जिसके कारण पेयजल की पाईप लाईन में भी गंदा एवं दूषित पानी भराने के कारण हमारे जिले में भी इंदौर जैसी घटनाओं को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंनें बताया कि वर्तमान में जो नालियों की पाईप लाईट टूटी हुई थी उन्हे टायर टयूब की रबर से जोड़ा गया है, वह भी सढ़ चुके हैं, इसलिये जहॉ-जहॉ पाईप लाईनों में रबर बांधी गई है उस स्थान पर पूरी पाईप बदली जावे। जिससे कि इंदौर जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### आयुष सद्भावना क्रिकेट मैच का किया आयोजन

**छिंदवाड़ा।** जिला के मध्य स्थित दशहरा मैदान में आज नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन की टीम एवं आयुष राजपत्रित अधिकारी संघ की टीम के बीच आयुष सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से नीमा अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद साहू सचिव डॉक्टर अरविंद राऊत डॉ दिलीप खरे डॉ ए के शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे दोनों टीमों के बीच मैच काफी रोमांचक मैच हुआ एक समय अधिकारी संघ की टीम ने दो ओवर के अंदर चार विकेट के नुकसान पर मैच 22 रन पर थी तभी बल्लेबाजी करने उतरे डॉ राजा भैया ठाकुर और दुर्गेश ने टीम को संकट से ऊबारते हुए लगभग टीम को 144 रन के स्कोर तक पहुंचा दिया वही नीमा की टीम 94 रन ही बना सकी।

## तामिया रेंज में वन्यप्राणियों की दहशत, तेंदुए ने किया सात बकरियों और एक गाय का शिकार

# जंगलों में वाहनों की आवाजाही: ठिकाना बदलने को मजबूर हुए वन्यप्राणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



तामिया रेंज की तामिया बीट के आसपास तेंदुआ द्वारा लगातार पिछले दो माह से आतंक मचाया जा रहा है, जिसके चलते ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है, वहीं वन विभाग द्वारा तेंदुए के मूवमेंट पर नजर नहीं रखी जा रही है, जिसके नतीजन तेंदूऐ ने जंगल क्षेत्र से लगे गांव में पहले एक गाय शिकार किया।

बीते दो दिनों पूर्व तामिया पंचायत के ग्राम चौर पठार में तेंदुए ने किसान के खेत के पास बैठी बकरियों पर हमला किया। इस दौरान तेंदुए द्वारा सात बकरियों और एक गाय का शिकार किया जिससे प्रतीत होता है कि तेंदुओं की संख्या अधिक हो सकती है, जिस कारण क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। वन विभाग ने घटना स्थल का जायजा लिया एवं ग्रामीणों को समझाईस भी दी एवं मुआवजा संबंधी प्रकरण भी बनाया गया। एवं ग्रामीणों को सतर्क रहने चेताया सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी गई, लेकिन आखिर तामिया से लगे गांव के पास तेंदुआ किस कारण आ रहा है। इस और कोई विभाग द्वारा गौर नहीं की गई। ऐसा ग्रामीणों का मानना है क्योंकि कुआं बादला सर्कल के जंगलों में बरसों से वन प्राणी ग्रामीणों द्वारा देखे जाते रहे हैं! लेकिन इस क्षेत्र में कुछ वर्षों से लगातार रेत के वाहन जंगल एवं उसे लगी नदियों में रात में जाते रहते हैं जिनके शोर गुलशन से परेशान होकर वो अपना ठिकाना बदलने मजबूर है क्योंकि इस क्षेत्र में चीतल भेड़की हिरण का शिकार कर पेट भरते थे, लेकिन इसी के चलते वन प्राणी जंगल के और भीतर चले गए जिस कारण तेंदुए को मजबूरन पालतू पशुओं का शिकार करना पड़ा जिसका परिणाम यह हुआ कि एक गाय और पांच बकरी का शिकार इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। वहीं लोगों का यह मानना है कि तामिया के जंगलों में लोगों की कैंपिंग, कैंफायर जैसी गतिविधियां होती थी, उसका भीअसर ग्रामीण कारण मानते हैं। अब जाकर वन विभाग ने प्राप्त जानकारी के अनुसार जंगल में कैंपिंग करने वाले एवं पर्यटकों के रूप में प्रवेश करने वाले लोगों को जंगल में प्रवेश की मनाही की। यदि उल्लेखित कार्य विभाग द्वारा पूर्व में किए गए होते तो तेंदुए को पालतू पशु का शिकार करने मजबूर नहीं होना पड़ता। गनिमत यह रही कि तेंदुए का कोई नागरिक शिकार नहीं हुआ। इस तरह वन विभाग के बजाय तेंदुए की दहशत से जंगल में प्रवेश रुक सका है।

### 7 बकरियों और एक गाय को तेंदुए ने किया शिकार

**परासिया।** छिंदवाड़ा सतपुड़ा के जंगलों में बाघ और तेंदुए के दिखने और जानवरों को अपना शिकार बनाने के मामले आय दिन सामने आ रहे हैं। तामिया से भी एक मामला सामने आया है। यहां तामिया के चौड़ापठार में तेंदुए ने 7 बकरियों और 1 गाय को अपना शिकार बनाया। वन विभाग की टीम मौके पहुंची और घटना की जानकारी ली।मिली जानकारी के अनुसार तामिया से लगभग 10 किलोमीटर दूर सुदूर पहाड़ी ग्राम चौड़ापठार में किसान फग्गू भारती की बकरियां शनिवार शाम घर नहीं लौटी तो रविवार सुबह किसान की पत्नी और बेटी ढूंढने के लिए जंगल की तरफ गए। यहां पहाड़ी में तलहटी क्षेत्र में 7 में से पांच बकरियां इधर - उधर मरी पड़ी दिखाई दी, दो बकरियां गायब मिली। किसान की पत्नी और बेटी को ये समझते देर नहीं लगी, कि उनकी बकरी को तेंदुए ने अपना शिकार बना लिया है। वे वहां से डर कर भागी और घर वालों को बताया। जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी अपनी टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे और बकरियों को एक जगह इकट्ठा कर जंगल में छोड़ दिया गया, साथ ही जानवर मालिक को मुआवजा देने की बात कही गई। लोगों ने बताया, कि तेंदुए ने एक गाय को भी मारा है।



**लगभग 25 बकरियां आई वापस :** ग्रामीणों ने बताया, कि ग्राम के सभी लोगों के जानवर जंगल में रोज चरने जाते हैं। शनिवार को भी 25 से 30 बकरियां चरने गईं थीं। उनमें से 7 बकरियों को छोड़ बाकी बकरियां भाग कर आ गईं।

## महापौर और भाजपा जिलाध्यक्ष के पहुंचने के बाद आजाद स्कूल धरना कार्यक्रम हुआ खत्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

अतिथि शिक्षक बच्चों का भाग्य विधाता है। आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्य प्रदेश भोपाल के आह्वान पर छिंदवाड़ा जिले में भी तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आज रविवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय दशहरा मैदान पोला ग्राउंड में अतिथियों के तीन दिवसीय कार्यक्रम चलते रहे जिसमें आज अंतिम दिवस अतिथियों द्वारा सरकार से एक ही मांग की गई है कि सरकार उनका भविष्य सुरक्षित करे उनके पद का स्थायित्व करे जिसको लेकर संगठन के विभिन्न पदाधिकारीयो ने अपने-अपने उद्बोधन दिए और सरकार से सहयोगात्मक बात करते हुए पूर्व में की गई महापंचायत की घोषणाओं को पूर्ण करने एवं वरिष्ठता के आधार पर नियमित करने की मांग रखी। संपूर्ण प्रदेश के जिलों में यह कार्यक्रम आज संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों की समस्याओं को देखते हुए छिंदवाड़ा नगर पालिका निगम महापौर विक्रम अहके भी अतिथि शिक्षकों के बीच में पहुंचे उनकी पीड़ा को समझा और अतिथि शिक्षकों ने उन्हें ज्ञापन सौंप कर उनकी मांगों का निराकरण करने की मांग रखी। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर समस्याओं को अवगत कराने और हर संभव मदद करने की बात कही।

## कांग्रेस ने नारेबाजी व प्रदर्शन कर भाजपा का जमकर बजाया "घंटा"

**छिन्दवाड़ा:-** भाजपा सरकार के जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां ड़ चुकी है। देश के सबसे स्वच्छ शहर में सबसे बड़ी गंदगी फैलाने वाली भाजपा ने 15 निर्दोष लोगों की जान ले ली। सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री ने ना तो दुख व्यक्त किया ना ही अपनी नाकामी की जिम्मेदारी ली, उल्टे अशोभनीय टिप्पणी कर जनता का अपमान किया। नगरीय प्रशासन मंत्री के अमर्यादित बयान और निर्दोष लोगों की मौत से आक्रोशित कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस के तत्वावधान में अम्बेड़कर तिराहा पर कांग्रेस ने नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन कर भाजपा का जमकर घंटा बजाया। सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की बदजुबानी के खिलाफ आक्रोशित कांग्रेस के प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि भाजपा के मंत्री अपनी जुबान पर लगाम लगाएं अन्यथा जनता के साथ मिलकर कांग्रेस ऐसी बदजुबानी पर ताला लगाएगी। इंदौर में जहरीले पानी की सप्लाई से 15 लोगों की मौत सामान्य नहीं है। करीब दो वर्ष पूर्व यह उजागर हो चुका था फिर भी भाजपा शासित निगम नहीं जागा। परिणाम स्वरूप निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। आयोजित धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि इंदौर में भाजपा शासित नगर पालिक निगम द्वारा सप्लाई किए गए मल, मूत्र युक्त गंदा पानी पीने से 15 लोगों की असमय मौत हो गई। 2800 से अधिक लोग इलाजरत है। इस संवेदनशील मुद्दे पर प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा मीडिया के प्रश्न के जवाब में अशोभनीय टिप्पणी "घंटा" का उपयोग करना अमानवीयता व निरंकुशता की निशानी है। केन्द्र की मोदी व प्रदेश की मोहन सरकार सत्ता के मद में चूर है।



## महात्मा फुले शिक्षण समिति ने मनाई सावित्री बाई फुले जी की 195 वी जंयती



**छिंदवाड़ा:** स्थानीय राजपाल चैक मे भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की महात्मा फुले शिक्षण समिति द्वारा 4 जनवरी दिन रविवार को देश की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले जी की 195 वी जंयती मनाई। इस अवसर पर सर्वप्रथम पदाधिकारियों ने सावित्री बाई के फोटो पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया समिति के सयोजक राजेश दोडके ने भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुये बताया कि महिलाओ के उत्थान हेतु उनके द्वारा जो कार्य किये गये उसका उल्लेख किया आज जो महिला पढ लिख कर काबिल बनी उसका श्रेय सावित्री बाई को जाता है समाज मे व्याप्त अंध-विश्वास रूढ़ीवादी बाल विवाह विधवा विवाह मुंडन प्रथा जैसी कुप्रथाओ की लडाई लडी व महिलाओ को समानता का अधिकार दिलाया। कार्यक्रम में समिति के सरंक्षक मारोत राव चरपे, अध्यक्ष नामदेव सरोदे, अशोक अंबाडकर, सहादेव बन्नाईत, गणेश कारटे, बाबूराव धांदोडे, परसराम बाडबुदे, अभिषेक दोड़के, अरुण घोरसे, गीतेश दोडके उपस्थित थे।

## विश्व हिन्दू परिषद प्रांत की बैठक संपन्न, गौरव बने विहिप जिला मंत्री

**छिंदवाड़ा।** हिन्दुओं का नेतृत्व करने वाले विश्व के सबसे बड़े हिंदूवादी संगठन विश्व हिन्दू परिषद एवम बजरंगदल में महाकौशल प्रांत की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें छिंदवाड़ा जिले को वरीयता देते हुए संगठन ने प्रांत स्तरीय एवं जिला पदाधिकारियों की नवीन न्युक्तियां की साथ ही विभाग और जिले में भी कई परिवर्तन हुए। इसी तारतम्य में ठा.ऋषिराज बैस को विहिप प्रांत सह सत्संग प्रमुख एवं रूपेश लांजीवार को बजरंग दल का प्रांत सहसंयोजक बनाया गया। ऊर्जावान नेतृत्व क्षमता रखने वाले नकुल विश्वकर्मा को विभाग मंत्री की बड़ी जिम्मेवारी दी गई, वहीं परासिया मंत्री गोलू सूर्यवंशी को सह विभाग मंत्री न्युक्त किया गया। गौरव सेन को जिला संयोजक से विहिप जिलामंत्री एवं सुभाष गढ़ेकर को जिला मंत्री से जिला उपाध्यक्ष एवं दीदी श्रद्धा पटेल को दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका बनाया गया। बजरंगदल जिला संयोजक का पद अभी रिक्त रहेगा। उपरोक्त नियुक्ति से विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष ठा.अरविंद प्रताप सिंह सहित कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त कर नई ऊर्जा से काम करने का संकल्प लिया।

### तुलसी रामायण पाठ अविरल चलता रहे, सदस्यों ने क्री प्रार्थना

**छिंदवाड़ा:** श्री तुलसी रामायण संकीर्तन मंडल छोटी बाजार छिंदवाड़ा के तत्वाधान में हर सोमवार को शहर के राम भक्तों के घरों में रामायण जी के पाठ का आयोजन विगत 70 वर्षों से अविरल चलता आरहा है और यह अविरल चलाता रहे उसके लिए 44 सदस्यों का दल 10 दिवसी आध्यात्मिक तीर्थ यात्रा पर जाकर वहां पर समस्त धार्मिक स्थान पर रामायण पाठ आयोजन कर ओरछा रामराजा दरबार, नेमीशरण तीर्थ, मिर्जापुर सिद्धेश्वरी त्रिकुंड देवी,अयोध्या जी, गया जी, काशी जी, प्रयागराज,सीता समाई, मैहर वाली माता, बेड़ाघाट नर्मदा तट गंगा जमुना सरस्वती सरयू में स्नान कर रामायण जी के पाठ का आयोजन किया गया और सभी भक्तों ने भगवान से प्रार्थना की की यह छिंदवाड़ा की 70 वर्ष पुरानी अविलर चलने वाली रामायण पाठ छिंदवाड़ा शहर में गंगा जैसी आगे भी बरसों बरसों बहती रहे यात्रा के मुख्य सूत्रधार अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा, यात्रा प्रभारी सुरेंद्र सोनी आदि हैं।

## दूषित जल पर महापौर मैदान में, अमले के साथ वार्डों का किया निरीक्षण

### वार्ड 11, 12 एवं 13 में पहुँचे महापौर, जनता से किया सीधा संवाद





हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शिकायतों को महापौर विक्रम अहके ने गंभीरता से लेते हुए रविवार को अमले के साथ मोर्चा संभाला। उन्होंने प्रभावित वार्डों का जमीनी निरीक्षण कर जलापूर्ति एवं सफाई व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।

महापौर विक्रम अहके जलकार्य सभापति, संबंधित वार्ड पार्षदों तथा नगर निगम के तकनीकी अधिकारियों के साथ वार्ड क्रमांक 11, 12 एवं 13 पहुँचे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से प्रत्यक्ष संवाद कर जलापूर्ति में आ रही अशुद्धता एवं साफ-सफाई से जुड़ी समस्याओं को विस्तार से सुना। निरीक्षण के दौरान पाइपलाइन सुधार कार्यों की प्रगति देखी गई तथा जल की गुणवत्ता जांच की।

### अधिकारियों को निर्देश

निरीक्षण के दौरान महापौर ने जलप्रदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जहां भी दूषित जल की शिकायत प्राप्त हो रही है, वहां अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती कर कार्य की गति बढ़ाई जाए। लीकेज अथवा अन्य तकनीकी खामियों को तत्काल दुरुस्त किया जाए। सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जाए, जिससे पेयजल में किसी भी प्रकार की गंदगी न पहुंचे।

### 24 घंटे में समाधान का आश्वासन

नगरवासियों को आश्वस्त करते हुए महापौर श्री विक्रम अहके ने कहा कि दूषित जल की समस्या का समाधान आगामी 24 घंटे के भीतर कर किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम प्रशासन आमजन को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## भाजपा ने नहीं मित्र मंडल लोधीखेड़ा ने निकाली पदयात्रा

### हजारों लोगों ने उपस्थित होकर पदयात्रा को बनाया सफल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

मित्र मंडल संगठन लोधीखेड़ा की ओर से हाल ही में श्री राम मंदिर से चमत्कारी हनुमान मंदिर जामसावली तक विशाल पदयात्रा निकाली गई थीं,पदयात्रा में बड़ी संख्या मे बच्चे युवा बुजुर्गों महिलाओं ने शामिल होकर आयोजन को सफल बनाया पदयात्रा आयोजक मित्र मंडल लोधीखेड़ा के सदस्य गजल ढोबले, सोनू बारापत्रे, अमन गोखे, आशीष गोखे, आयुष रायकवार, कृणाल ढोबले, जयेश ढगे सुजल ढोबले, अंकित गोखे, प्रज्वल ठोम्बरे, राहुल वाघमारे,वंश कोल्हटकर, पिंटू रामबाडे, हर्षद बागड़े, पीयूष रायकवार, गौरव सोमकुवर, सुमित मोरे, समर मनपुरे, अक्षय निमजे, कुणाल भुजाडे ने बताया यह पदयात्रा किसी भी राजनीतिक संगठन के द्वारा नहीं सिर्फ मित्र मंडल लोधीखेड़ा की ओर से निकाली गई थी। इसमें सभी क्षेत्र से जुड़े हजारों लोगों ने उपस्थित होकर पदयात्रा को सफल बनाया इसके लिए आयोजन कमेटी की ओर से सभी का आभार व्यक्त करते हैं। यह पदयात्रा सिर्फ मित्र मंडल लोधीखेड़ा की ओर से आयोजित की गई थी।

## भाजपा जिला अध्यक्ष मोहोड़ ने उठाया हाथों में बल्ला

**सौंसर।** नगर के वार्ड दो में स्थित गोहटान खेल मैदान पर स्व.मुकेश रूंधे के स्मृति में एसीसी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित भव्य टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने किया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता इंदरचंद डागा,जिला भाजपा महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड़,नपा उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे,नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष दर्शन झाड़े, मंडल महामंत्री आशीष चांडक,प्रवीण सेलूकर,पार्षद रामकृष्ण राऊत,सुनील खंडाईत,प्रशांत ठाकरे,हरीष यादव,किशोर राउत, सौरभ अढाऊ प्रमुख रूप से उपस्थित थे। जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहोड ने प्रतियोगिता का शुभारंभ कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिता से युवाओं में खेल भावना का निर्माण होता है,वही अनुशासन और युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का यह एक सराहनीय प्रयास है।क्रिकेट प्रतियोगिताओं के माध्यम से कई बच्चे अपने परिवार क्षेत्र समाज एवं प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। खिलाड़ियों के द्वारा खेल भावना के साथ में मेहनत कर प्रतियोगिता में विजय श्री प्राप्त करना चाहिए ऐसी में सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं।



## चौरई पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही, 10 जुआरियों को किया गिरफ्तार

# जुआरियों से ताश के पत्तों सहित जब्त किए 1 लाख 12 हजार रूपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई



पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे द्वारा अवैध रूप से अवैध गतिविधियो में संलिप्त व्यक्तियो के विरूध्द कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिये गये है।

इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चौरई भारती जाट के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चौरई मोहन सिंह मर्सकोले के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा रविवार के रात्रि में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कलकोटी में जुआ चल रहा है कि सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा रेड कार्यवाही की गयी जो मौके पर आरोपी राजा वर्मा, छोटो वर्मा, अस्फाक खान, सुशील वर्मा, प्रदीप तिवारी, हरलाल उईके, महेन्द्र बंदेवार, रामकुमार यादव, सुनील सोनी, दिनेश वर्मा मिले जिनसे 52 ताश के पत्ते एवं नगदी 1,12,000 रूपये जप्त किया गया है। सभी आरोपियो के विरूध्द अप.क्र. 13/26 धारा 13 जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द किया गया है। सभी आरोपियो के विरूध्द धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी है।

### गिरफ्तार आरोपी

1. राजा वर्मा पिता भागलाल वर्मा उम्र 21 साल निवासी कलकोटी
2. छोटो पिता भोजे वर्मा उम्र 52 साल निवासी लोहारा
3. अस्फाक पिता हसीब खान उम्र 48 साल निवासी चौरई
4. सुशील पिता देवीलाल वर्मा उम्र 25 साल निवासी कलकोटी
5. प्रदीप पिता देवेन्द्र तिवारी उम्र 33 साल निवासी चौरई
6. हरलाल पिता उभेराम उईके उम्र 24 साल निवासी कलकोटी
7. महेन्द्र पिता महालाल बंदेवार उम्र 29 साल निवासी कलकोटी
8. रामकुमार पिता अमित यादव उम्र 32 साल निवासी चौरई
9. सुनील पिता भवानी प्रसाद सोनी उम्र 37 साल निवासी देवरीकला
10. दिनेश पिता शंभू वर्मा उम्र 28 साल निवासी कलकोटी

1. 52 ताश के पत्ते

**जप्त संपत्ति**

2. नगदी 1,12,000 रूपये

**महत्वपूर्ण भूमिका -** निरीक्षक मोहन सिंह मर्सकोले, प्र.आर.696 गोपाल साहू, राजू भारती, राजपाल बघेल,रोहित ठाकुर, राजेश सनोडिया की सराहनीय भूमिका रही।

## जिला पंचायत कर रही है जांच, भोपाल से आई है शिकायत, पंचों ने भोपाल जा की थी शिकायत

# चल रही जांच में बुरी फंसेगी ग्राम पंचायत नजरपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

ग्राम पंचायत नजरपुर की जो जिला पंचायत जांच कर रही है , उसमें ग्राम पंचायत नजरपुर बुरी फंसेगी इसमें कोई दोमत नहीं है आज जो जांच चली है, वह भोपाल से शिकायत आई है पंचायत के पंचो ने भोपाल जा मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री ,एवं जिला के प्रभारी मंत्री से लिखित शिकायत की थी, चल रही जांच पूर्ण हो जाने के बाद कार्रवाई एवं एफ आई आर दर्ज होने के आसार दिख रहे हैं।सनद रहे की जनपद जुन्नारदेव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नजरपुर पर पूर्व में और गबन मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है जिसमें दो सरपंच एक सचिव एक रोजगार सहायक और एक उपयंत्रि जेल जा चुके हैं।



### नहीं आया कोई सुधार

गबन एवं शासकीय धन को नाजायज तरीके से बर्बाद करने एवं अपना जेब गर्म करने पर पूर्व में एफआईआर दर्ज हो चुकी है, एवं मामला भी चल रहा है किंतु जरा भी सुधार नहीं दिखा एवं आज दिनांक तक 20 से 22 लाख रुपए की राशि पंचायत ने निकाल ली जबकि पिछले दो वर्षों से ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत की बैठक ही नहीं हो रही है, इतना ही नहीं जब पंचायत के जवाबदार लोगों पर एफआईआर दर्ज हो चुकी थी एवं वे फरार चल रहे थे उस समय पंचायत ने जनपद पंचायत जुन्नारदेव की सीईओ के निर्देश पर 6 लाख रुपए पंचायत ने निकाल ली जो अनुचित है।

### और कई गंभीर अनियमितताएं हैं

जिला पंचायत ने आज जो ग्राम पंचायत नजरपुर की जांच करी है उसमें भारी गंभीर अनियमिताएं पायी ,जिसमें मुख्य रूप से पंचायत क्षेत्र में बना आधा अधूरा तालाब जिसमें पंचायत ने 12 लाख रुपए निकाल लिए ,पंचायत में हुए बेहद घटिया निर्माण कार्य, कैस बुक बिल वाउचर दोनों अस्त-व्यस्त, निस्तारि तालाब में कार्य किये मजदूर का वेतन तक ना देना, इन सभी गंभीर मुद्दों पर जिला पंचायत से आए अधिकारियों ने बारीकी से जांच की एवं मजदूरों के बयान लिए।

### सरपंच रोजगार सहायक अनुपस्थित

पूर्व की तरह इस बार भी जब जिला पंचायत की टीम जांच हेतु ग्राम पंचायत नजरपुर आयी तो पंचायत में फिर सरपंच एवं रोजगार सहायक अनुपस्थित रहे जिससे जुड़े दस्तावेज इस बार भी जांच टीम के सामने ना आ सके।

### उप यंत्री एवं सचिव को लगी फटकार

पंचायत क्षेत्र के जितने भी निर्माण कार्य हुए निरीक्षण किया जो सभी घटिया दर्जे के पाए गए, साथ ही पंचायत क्षेत्र में बना एक निस्तारित लाभ जिसका कार्य पिछले 4 वर्षों से चल रहा है एवं 12 लाख रुपए भी निकाल लिए किंतु कार्य आज भी आधा अधूरा है इस पर जहां आई टीम ने उपयंत्री एवं सचिन को फटकार लगाई वही आई टीम ने इनके बयान भी लिखकर लिये।

### सीईओ एवं उपयंत्री की बढ़ सकती है मुसीबत

जनपद पंचायत जुन्नारदेव के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत घुट्टी जहां भी गबन हुआ यहां तालाब और आवास बना नहीं एवं पंचायत ने रुपया निकाल ली साथ ही जुन्नारदेव विशाला, ग्राम पंचायत ,जमकुंडा ,स्वयं नजरपुर एवं पाला चौरई में भारी गड़बड़ी एवं शासकीय धन की बर्बादी जो हुई इसके दोनों जवाबदेह हैं इन्हीं बातों से दोनों की मुसीबत आगे बढ़ सकती है ।

**पंच रहे उपस्थितः** गत 3 जनवरी को दोपहर 12:00 जैसे ही जिले से जांच टीम ग्राम पंचायत नजरपुर पहुंची तो उपस्थित पंच शर्मिला जी, कुंतल तिवारी, ज्योति धुर्वे ,रंजीत, शीलू ,सुनीता यादव, सहित रमा तिवारी ,दिनेश पवार, एवं यमुना कायदा ने अगवानी की फिर पंचायत में चार घटे जो जांच चली उसमें पूर्ण सहयोग किया।

## पहली पायरी मंदिर में जन सहयोग से स्थापित होंगे 12 ज्योतिर्लिंग



**जुन्नारदेव।** नगर सहित जिला एवं प्रदेश की आस्था का केंद्र जुन्नारदेव विशाला पहली पायरी मंदिर अपनी धार्मिक आस्था के लिए प्रसिद्ध है वही शिव भक्त भी भगवान की भक्ति में लगातार लीन होकर मंदिर में धार्मिक आयोजन करते आ रहे हैं इसी कड़ी में अविरल जल धारा के पास स्थित श्री शिव शक्ति मंदिर में 12 ज्योतिर्लिंग की स्थापना जन सहयोग से की जा रही है। मंदिर के पुजारी रामशरण बाबा द्वारा बताया गया कि जन सहयोग से बीते दिनों मंदिर का भव्य निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है अब जन सहयोग से मंदिर में 12 ज्योतिर्लिंग की स्थापना 19 जनवरी 2026 से की जाएगी। ज्योतिर्लिंग स्थापना के दौरान 19 से 24 जनवरी तक भव्य कार्यक्रम का आयोजन एवं पूजन मंदिर परिसर में किया जाएगा। 5 दिन स्थापना पूजन उपरांत छठवें दिन 24 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा। मंदिर के पुजारी ने क्षेत्र सहित जिला एवं प्रदेश के धर्म प्रेमियों से इस पुनीत कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस ने की चालानी कार्यवाही



**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव थाना क्षेत्र अंतर्गत डूंगरिया पुलिस चौकी के पास जुन्नारदेव पुलिस द्वारा एसडीओपी सुनील वरकडे के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी राकेश बघेल के निर्देशन में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। मिली जानकारी अनुसार पुलिस द्वारा कुल 13 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई है, जिसमें 10 दो पहिया एवं तीन चौपाइयां वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 4500 रुपए का राजस्व वसूला गया है। कार्यवाही के दौरान एएसआई मनोज चौधरी, सतीश दुबे, प्रधान आरक्षक विजेंद्र, आरक्षक राम अवतार तिवारी एवं पूर्णिमा मौजूद रहे।

### चौरई में संगीतमय सुंदरकांड का हुआ महापाठ

**छिंदवाड़ा।** श्री सुंदरकांड ग्रुप छिन्दवाड़ा द्वारा अजय नायक एवं मित्रमंडल के तत्वावधान में- श्री जोड़ा वाले हनुमानजी महाराज मंदिर थाना परिसर,चौरई, तहसील चौरई जिला छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी गया,इसी तरह कई वर्षों से निरंतर ग्रुप के माध्यम से सनातन धर्म से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,कमलेश सूर्यवंशी,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवड़े,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,सचिन साहू,रंजीत साहू,विक्की नोथानी,सागर स्वर्णकार,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,गोविंद चौधरी,पिल्ली पटेल,लक्ष्य कहार,दशरथ वर्मा,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,सोनू जी,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोवितकर,राहुल बातरे,दिलीप चौधरी,साहिल मालवीय आदि मौजूद रहे।

## करोड़ों की तहसील बिल्डिंग निर्माण में बड़ी चूक, सुरक्षा उपकरणों के बिना हो रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



वेलफेयर संगम गुलाई वार्ड क्रमांक 13 के समीप बन रहे राजस्व विभाग के लिए तहसील कार्यालय बिल्डिंग भवन निर्माण में निर्माण के पूर्व ही कोताही बरती जा रही है. यहां निर्माण के दौरान सुरक्षा उपकरणों को नदारत देखा जा रहा है. काम करने वाले श्रमिकों को बगैर सुरक्षा उपकरण के ही करोड़ों रुपए की बिल्डिंग भवन निर्माण कार्य में लगाया गया है जो निश्चित ही भविष्य में बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है. पीडब्लूडी के पीआईयू विभाग से परासिया की एक निर्माण कंपनी के द्वारा इस बिल्डिंग भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है. जहां वर्तमान में ग्राउंड लेवल पर प्लेनथ बीम फूटिंग कस्टिंग का कार्य किया जा रहा है. इस दौरान यहां बड़ी-बड़ी मोटी लोहे की सरिया का उपयोग श्रमिकों द्वारा किया जा रहा है. परासिया की निर्माण कंपनी के द्वारा निर्माण स्थल पर निर्माण से संबंधित भी कोई सूचना पटल यहाँ नहीं लगाया गया. बिल्डिंग के प्रारंभिक कालम कास्टिंग में श्रमिकों की जान से निर्माण कंपनी कर रही बड़ा खिलवाड़ कर रही है.अब तक निर्माण कार्य में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए व्यक्तिगत रूप से कोई भी सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए है.व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE) जैसे हेलमेट, सुरक्षा चश्मे, दस्ताने और स्टील-टो जूते निर्माण स्थल से नदारद दिखाई दिए.निर्माण कंपनी के द्वारा बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स (BOCW) अधिनियम जैसे कानूनों का हो रहा खुला उल्लंघन किया जा रहा है. ज्ञात होगी निर्माण स्थल पर श्रमिकों के लिए हेलमेट सिर को गिरने वाली वस्तुओं से बचाने के लिए,सुरक्षा चश्मे आँखों को धूल और उड़ने वाले मलबे से बचाने के लिए,दस्ताने हाथों को कटने, घर्षण और रसायनों से बचाने के लिए,स्टील-टो जूते पैरों को भारी वस्तुओं के गिरने से बचाने के लिए,आपातकालीन स्थिति के लिए प्राथमिक चिकित्सा किट भी निर्माण स्थल से गायब है।

## कुनबी समाज भवन बनाने सांसद देंगे 25 लाख, कुनबी समाज मिलन समारोह में घोषणा



**पांढुर्ना।** कल 3 जनवरी को स्थानीय एतश कॉलेज में संपन्न संत श्री तुकाराम महाराज कुनबी समाज संगठन के नववर्ष मिलन समारोह में सांसद बंटी साहू ने समाज के निर्माणाधीन भवन हेतु 25 लाख रू. निधि प्रदान करने की घोषणा की। यह समारोह पूर्व राज्य मंत्री नानाभाऊ मोहोड अध्यक्षता तथा कुनबीस समाज संगठन छिंदवाडा अध्यक्ष चंद्रभान देवरे के आतिथ्य और पांढुर्ना संगठन अध्यक्ष रामराव टोनपे की उपस्थिति में हुआ। समारोह के दौरान आयोजकों ने प्रमुख अतिथियों का स्वागत बैंड बाजे और आतिषबाजी के साथ किया। पूर्व राज्यमंत्री नानाभाऊ मोहोड ने मंच से कुनबी समाज के भवन निर्माण सहित प्रत्येक कार्य में सहयोग का आश्वासन दिया।
समारोह में सांसद बंटी साहू, नानाभाऊ मोहोड, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, चंद्रभान देवरे, पूर्व भाजपा अध्यक्षा वैशाली महाले ने संबोधन के दौरान समाज के गतिविधियों को सराहते हुए पांढुर्ना जिल के विकास और उन्नति में योगदान की बात कही। कार्यक्रम का मंच संचालन नरेंद्र बांबल एवं रामगोपाल भोयर तथा आभार प्रदर्शन डॉ. विवेक राऊत ने किया। कुनबी समाज संगठन के नववर्ष मिलन समारोह में पांढुर्ना जिले और आस पास के कुनबी समाज के प्रतिष्ठित नागरिकगण बडी संख्या में मौजूद रहे।



## मानकानुसार मिली गुणवत्तासीएमओ ने किया फिल्टर प्लांट और लैब का मुआयना

**पांढुर्ना।** नगरपालिका सीएमओ राजकुमार इवनाती ने आज जूनेवानी स्थित फिल्टर प्लांट और लैब का निरीक्षण कर दिशा निर्देश जारी किए। इन्होंने केमिस्ट द्वारा किए जा रहे जल के सभी नमूनों की परीक्षण रिपोर्ट के संबंध में जानकारी ली। रिपोर्ट के अनुसार जल की गुणवत्ता पीने योग्य निर्धारित मानक अनुसार पायी गई। सीएमओ आरके इवनाती ने जलप्रदाय के अधिकारियों को निकाय की समस्त पानी की टंकियों की सफाई किए जाने के निर्देश दिए। पाइप लाइन के अंतिम छोर से पानी के सैंपल प्राप्त कर क्लोरीन की मात्रा के संबंध में टेस्ट किट से जांच कराई जा रही है। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री सोनू सकवार, उपयंत्री विवेक बेलिया तथा जलप्रदाय सुपरवाइजर रवि सिरसाम मौजूद रहे।

## 7 दिवसीय ओपन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का होगा शुभारंभ 8 से

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

मुख्यालय से 3 कि.मी.ग्राम जानवा के कोबरा बटालियन के ग्राउंड में 8जनवरी2026 से 7दिवसीय ओपन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है।आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और क्षेत्र की टीमों के इसमें शामिल होने की उम्मीद है। नर्सरी इलेवन व मॉर्निंग ग्रुप द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विजेता के लिये प्रथम पुरस्कार 50,001रुपए और द्वितीय पुरस्कार 25,001रुपए के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। मैचों के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए भी समिति ने विशेष व्यवस्था की है। संचालक देवेंद्र उइके, अध्यक्ष महेश सुलाखे, उपाध्यक्ष ज्ञानीराम बम्बुरे,सचिव केलेश लिल्हारे , सह सचिव नरेश देवाहे, संचालन समिति राम प्रसाद नागपुरे, इंद्र कुमार नागपुरे, ओमप्रकाश सीहोरे, डीएस दासरे, गणेश्वर बहेकार, प्रकाश सहारे ,बसंत बिसेन, रोशन भास्कर, आदित्य दुबे ,जीतेंद्र रैकवार, पवन बिसेन ,दिनेश मस्करे, बालकृष्ण रनगिरे,मुकेश मानेश्वर, गगन लिल्हारे, मुकेश बिसेन, धनेश्वर लिल्हारे, विमल टांडे ,खिलेश्वर टांडे,राहुल लिल्हारे, आशीष रैकवार, त्रिलोक सीहोरे, डिलेंद्र बंबुरे, रंजीत नागपुरे, कुणाल सीहोरे, अनुराग रैकवार, राकेश लिल्हारे ,कमेंट मैटर डोमेश लिल्हारे, प्रकाश सहारे, कमलेश चौधरी ,प्रायोजक किसान कृषि केंद्र जानवर लोकेश लिल्हारे, नरेश किराना एवं आटा चक्की जानवा नरेश देवाहे ,स्टार ऑनलाइन सेंटर जानवा विमल वेघ, शालू किराना स्टोर एवं ऑटो स्पेयर पार्ट जानवा, शिव लिल्हारे, मां दुर्गा साउंड डीजे एंड बिल्डिंग वर्क साप जानवा धनेश्वरबहेकार, ई स्टैंप रेजिस्टी चालान सेवा हेमंत लिल्हारे, दीपक भैया रथ वाले दीपक लिल्हारे की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा।

## विधायक विवेक विक्की पटेल ग्राम मंगल पद यात्रा में हुए शामिल

# वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से निकाली गई ग्राम मंगल पद यात्रा

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** सामाजिक एकजुटता और पर्यावरण संरक्षण को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सामाजिक संगठनों द्वारा ग्राम मंगल पद यात्रा की शुरुआत की गई थी, जो निरंतर पिछले दस वर्षों से जारी हैं। इस वर्ष 4 जनवरी 26 को वारासिवनी-कटंगी व लालबर्रा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से श्रीराम पद यात्रा निकाली गई। इस पद यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर अपने-अपने ग्रामों से रामपायली श्रीराम मंदिर तक की पद यात्रा की।



इस पदयात्रा के दौरान रविवार को वारासिवनी नगर के बड़ा श्रीराम मंदिर से मंगल पद यात्रा निकाली गई, जो ग्राम सिकंद्रा, महदोली, बिठली होते हुए भगवान श्री राम की नगरी रामपायली पहुंची। जिन-जिन ग्रामों मंगल पद यात्रा निकली, उन ग्रामों में ग्रामीणों द्वारा मंगल पद यात्रा में शामिल पद यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें पुष्प मालाएँ पहना कर उनका स्वागत किया गया। यह मंगल यात्रा अपनी भव्यता और आध्यात्मिक उल्लास के लिए जानी जाती है। इस ग्राम मंगल यात्रा में वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल, भाजपा नेता निरंजन बिसेन, छगन हनवत, अजय देवनाथ बिसेन, रामपायली सरपंच संदीप वाघमारे, प्रदीप शरणागत, अनिल खंडेलवाल, योग गुरु भेजेन्द्र चौधरी, राहुल प्रियंका गॉधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली, डॉ. लोकचंद ठाकरे, सत्तू बिसेन सहित सैकड़ों श्रद्धालुगण व भक्तगण शामिल हुए। इस मंगल पद यात्रा में नन्हें बच्चे जीवंत झॉकियों के रूप में हनुमान, राम-सीता के वेश धारण किए हुए थे।

सामाजिक संगठनों द्वारा पिछले कुछ दिनों से ग्राम मंगल पद यात्रा को भव्यता प्रदान करने के लिए जोर शोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा था। यह मंगल पद यात्रा वारासिवनी, खैरलॉजी, लालबर्रा व कटंगी क्षेत्र के ग्राम जरामोहगॉव, वारासिवनी, लिंगमारा, घोटी आरंभा, भेंडारा, खैरलॉजी, हथौड़ा, सावरी, रमरमा, महकेपार एवं लालबर्रा से निकल कर रास्ते में पडने वाले सभी ग्रामों से होते हुए रामपायली पहूँची। मंगल यात्रा में डी जे, बैंड बाजे की धुन व जय जय श्रीराम के नारे के साथ भक्तगण नाचते गाते हुए भगवान श्रीराम की नगरी रामपायली पहुंचे। जहॉ पर मंगल पद यात्रा पर आए हुए श्रद्धालु व भक्तों ने प्रसिद्ध भगवान श्रीराम के मंदिर में भगवान श्रीराम सहित शिव शंकर, लंगड़े हनुमान, भगवान श्रीराम सीता आदि के दर्शन कर उनकी पूजा अर्चना की। इसके बाद सभी ने मंदिर क्षेत्र में आयोजित विशाल व भव्य भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया।

इस विशाल आयोजन के उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए मंदिर स्थल के पास एक स्वदेश प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। जहॉ पर प्लास्टिक मुक्त भारत बने, स्वदेशी वस्तुओं का चलन, बड़े एवं धार्मिक, मानसिक, आध्यात्मिक आस्थाओं का निर्माण हो, मनभावन झांकियां एवं ग्रामीण हाट बाजार, ग्राम उद्योग विकास, सामाजिक समरसता के दर्शन, गौ आधारित जीवन का मूल उद्देश्य से संबंधित सामग्रियों के स्टॉल लगाए गए थे।

## श्रीराम मंगल पद यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को राहुल प्रियंका गॉधी विचार मंच ने वितरित किया शरबत व फल



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नव वर्ष के प्रथम रविवार को वारासिवनी, खैरलॉजी, कटंगी व लालबर्रा के विभिन्न ग्रामों से श्रीराम मंगल पद यात्रा निकाली गई। विभिन्न ग्रामों से निकली हुई इस श्रीराम मंगल पद यात्रा के रामपायली पहूँचने पर राहुल प्रियंका गॉधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली के नेतृत्व में यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं व भक्तों को भव्य स्वागत किया गया।

इस मौके पर राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली के नेतृत्व में श्रीराम मंगल पद यात्रा में आए हुए श्रद्धालुओं को शरबत एवं फलों का वितरण किया गया। जिसमें राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच जिला महामंत्री योगेश सुलकिया, अल्पसंख्यक विभाग विधानसभा अध्यक्ष अरशद कुरैशी, बालाघाट विधान सभा अध्यक्ष सुमेद बनसोड़, हारून भाई, सागर वानखेड़े, शैलेश बागड़े, राजा पंचेश्वर आदि ने सराहनीय सहयोग दिया।

## कुम्हली पट प्रतियोगिता में बैल जोड़ी राजा - हिरा ने जीता प्रथम पुरस्कार

# कुम्हली में बैल जोड़ी दौड प्रतियोगिता का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुम्हली में किसान पट समिति के तत्वावधान में किसान बैल जोड़ी दौड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । पट प्रतियोगिता का समापन 3 जनवरी शनिवार किया गया। पट प्रतियोगिता में बैल जोड़ी के द्वारा अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई ,जिससे देखकर दर्शको व कृषको ने आनंदित होकर बैल जोड़ीयो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रशंसा की। बताया गया की शनिवार को पट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोचक हुआ जिसमें प्रथम पुरस्कार 41 हजार रूपए राजा - हिरा बैल जोडी मोहगांव व करणु टोला के द्वारा जीता गया । द्वितीय पुरस्कार 35 हजार रुपए महकेपार आंजरबिहरी की बैल जोड़ी पप्पू- शम्बू ,तृतीय पुरस्कार 30 हजार रुपए चिचबन सिवनी की बैल जोड़ी , चौथा पुरस्कार 25 हजार रूपए पप्पू- भैया बैल जोड़ी नांदी तथा पांचवा पुरस्कार 20 हजार रुपए की राशी करण बागीन घोडामाडा सिवनी की बैल जोड़ी के द्वारा जीता गया। इस दौरान प्रतियोगिता में विजेता बैल जोड़ी के किसान मालिक को पुरस्कार की राशि अतिथियो के हस्ते प्रदान किया गया । पुरस्कार पा कर बैल जोडी के किसान मालिको के द्वारा खुशी जाहिर की गई। पट प्रतियोगिता में दुर दराज और अंचल के कृषको के द्वारा अपनी बैल जोड़ी के साथ पट प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर बैल जोड़ी की प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पुरस्कार वितरण समारोह में ग्राम सरपंच श्रीमती मंजुषा कुजांम, रामप्रसाद तितरमारे सरपंच खैरी, समाजसेवी राजू भाऊ सेलोकर ,अभिमन्यु सेलोकर पूर्व सरपंच , महेंद्र माहूले पूर्व सरपंच, समाज सेवी बब्बू बिरनवार भौरगढ, देवेंद्र लिल्हारे पूर्व सरपंच भंडारबोडी, समाजसेवी निलू दमाहे,,समिति अध्यक्ष अनिल माहूले, सचिव डेविड सेलोकर, उपाध्यक्ष, सुनिल कंसरे, कोषाध्यक्ष अभिषेक सेलोकर सहित समिती के पदादिकारी एंव ग्रामीण मौजूद रहे।

## जन अभियान परिषद के सलाहकार ने किया बोरीबंधान कार्य का अवलोकन



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सलाहकार श्री शिवनारायण पटेल ने विकासखण्ड लांजी का दौरा कर जल संचय अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कोटेश्वर धाम के समीप काशी नाले पर 300 से अधिक बोरियों द्वारा किए गए बोरीबंधान कार्य का निरीक्षण किया और जल के महत्व और जल स्त्रोतों के संरक्षण पर जोर दिया।श्री पटेल ने सामाजिक कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयासों की सराहना की और कहा कि वर्तमान समय में चुनौतियों से पार पाने के लिए संगठित एवं सामूहिक शक्ति अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नदी-नालों में जल संचय हेतु बोरीबंधान की तकनीक की जानकारी दी और अधिक से अधिक गांवों में छोटे-छोटे नदी-नालों पर जल संचय संरचनाएं बनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी श्री अनिल परमार, सुशील बर्मन, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद विजय रामटेककर, समाजसेवी विनय गोयल, संतोष नगपुरे, विकासखण्ड समन्वयक संदीप रामटेककर, उपाध्यक्ष एवं परामर्शदाता रमेश असाटकर, चेयरपर्सन यूनिवर्सल कम्प्यूटर लवकुश यादव, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि निलेश्वर ठाकरे, परामर्शदाता खेमदास गिरिया एवं सुश्री फरहीन खान (एमएसडब्ल्यू) सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## शिविर के चौथे दिन प्रेरणादायी बौद्धिक सत्र का हुआ आयोजन

# ग्राम कुम्हारी में चल रहा एनएसएस का विशेष सात दिवसीय शिविर



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम कुम्हारी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिवस गुरुवार, 1 जनवरी 2026 को एक प्रेरणादायी बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। यह विशेष शिविर 29 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी 2026 तक ग्राम कुम्हारी स्थित पीएम श्री रानी अवंतीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में संचालित किया जा रहा है।

बौद्धिक सत्र का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुरूप मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा का वाचन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखचंद्र ऐड़े (बालक इकाई) द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता जय श्री सोनवाने ने महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं की जानकारी स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अंतिम वक्ता प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने "भारत माता की जय" एवं "जय हिंद" के उद्घोष के साथ अपने प्रेरक उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने अपने एनएसएस समन्वयक काल के अनुभव साझा करते हुए सेवा, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत संदेश दिया और "नदियां न पिएं कभी अपना जल, वृक्ष न खाएं कभी अपना फल" जैसे भावपूर्ण गीत के माध्यम से स्वयंसेवकों को परमार्थ की भावना से प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा "शिविर दर्पण" पत्रिका का विमोचन किया गया तथा रैली पोस्ट के समक्ष सामूहिक छायाचित्र लिया गया। इस प्रकार ग्राम कुम्हारी में संचालित एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिवस का बौद्धिक सत्र सफलतापूर्वक एवं उत्साहवर्धक वातावरण में संपन्न हुआ।

## विशुद्धि आत्मा का धर्म- आचार्य विशुद्ध सागर

# कटंगी में ससंघ का हुआ प्रवेश, सकल समाज ने बिछाए पलकः पावड़े

हरिभूमि न्यूज कटंगी।





गुस्सा, माया, झूठ, असंयम, अहंकार करना अधर्म है। क्षमा, दान, सच, संयम, त्याग, तपस्या यही धर्म है। जहां सिद्धांत है वहां सिद्ध अंत है जहां अंत सिद्ध वहां सिद्धांत है संपूर्ण परमागम आगमों में सिद्धांतों की पूर्णपणे है। हमारा सिद्धांत-आपका सिद्धांत, विचारधारा पर विचार नहीं करना चाहिए, सिद्धांतों पर विचार करना चाहिए। जब तक मनुष्य के मस्तिष्क में उत्पन्न विचारों का मंथन ना हो जाए। जब तक उस विचार का प्रचार नहीं होना चाहिए। आवश्यकता नहीं है हर वस्तु को सबके सामने रखना। भोजन बनाते हुए अगर मां का मन विकृत हो गया तो समझदार मां अपने बेटे को भी यह भोजन नहीं खिलाएगी। क्योंकि यह भोजन अस्वादिष्ट होगा। एक मां के लिए यह कहना श्रेष्ठ होगा कि आज भोजन नहीं बनाया है। इसी प्रकार से हम सभी में विवेक होना चाहिए कि जो विचार हमारे मन में आते है उन सभी विचारों को सामने नहीं रखना चाहिए। बुरे विचार परिवार और समाज का नाश करते है। उन्हीं विचारों को सभी के सामने रखना चाहिए जिससे परिवार का समाज का और देश का कल्याण हो और वह विचार मैत्रीभाव स्थापित करें। जो शक्ति अखंडता में है वह खंड-खंड में नहीं है। एक शब्द भी जीव मुख का कल्याण करा सकता है। विष के बाजार में अनेक प्रकार की सामग्री मिल सकती है। मगर, भावों की निर्मलता किसी बाजार में नहीं मिलती। कोटि-कोटि धन खर्च हो जाए उसकी चिंता नहीं करनी है पर परिणामों की विशुद्धी खर्च ना हो जाए इसकी चिंता करना है। यह विचार आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ने व्यक्त किए।

रविवार का दिन कटंगी नगर के लिए ऐतिहासिक बन गया। सत्यार्थ बोध अद्भुत नीति शास्त्र के लिए डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानक उपाधि से सम्मानित और वर्ष 2025 तक सबसे अधिक और तीव्र गति से संपूर्ण भारतवर्ष में विहार करने वाले आचार्य प्रवर आध्यात्मिक योगी आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज और ससंघ का नगर की धरा में सुबह 09 बजे आगमन हुआ। राजा भोज शासकीय महाविद्यालय में आहार के बाद दोपहर 02 बजे ससंघ विहार करते हुए स्थानीय जैन मंदिर पहुंचा जहां सभा हॉल में आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज का प्रवचन हुआ। नगर में पहली बार एक साथ ससंघ के आगमन पर सकल समाज उत्साहित नजर आया। ससंघ के स्वागत में नगरवासियों ने पलक-पावड़े बिछाकर उनकी अगुवाई की। बैंड-बाजे के साथ ससंघ को जैन मंदिर लाया गया। यहां विधायक गौरव सिंह पारधी सहित सकल समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर आचार्य और ससंघ आशीर्वाद प्राप्त किया। शाम 04 बजे ससंघ विहार के अगले पड़ाव की ओर रवाना हुआ।

आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ने कहा अनेकांत अनेक धर्म अनेक धर्म से युक्त द्रव्य है अनंत का अर्थ होता धर्म। एक ही पुरुष अनेक धर्मात्मक है एक ही वस्तु अनेक धर्मात्मक है। उन्होंने कलश और पुद्गल के बीच के अंतर को समझाते हुए कहा कि हमारा शरीर भी पुद्गल है। महाराज ने कहा एकत्व को समझे भिन्नत्व के साथ और भिन्नत्व को समझे एकत्व के साथ। अनेकांत में भी एकांत को दर्शन करो इसी का नाम जैन धर्म है। जब जब विश्व को आवश्यकता पड़ेगी वस्तु की विवेचना कैसे करें तब अनेकांत का आसरा लेना पड़ेगा। संप्रदायों का जन्म होता है धर्म का जन्म नहीं होता। ठीक वैसे ही सिद्धांत का जन्म नहीं होता संप्रदाय का जन्म होता है। जैसे जल निर्मल भी होता है वैसे ही आत्मा सांसारिक भी होती है और मुक्त भी होती है। विशुद्धि आत्मा का धर्म है। धर्म की व्याख्या और सांप्रदायिक होती है। गुस्सा, माया, झूठ, असंयम, अहंकार करना अधर्म है। क्षमा, दान, सच, संयम, त्याग, तपस्या यही धर्म है।

## पेयजल की गुणवत्ता जांच के निर्देश, नगरीय क्षेत्रों में सैंपलिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों में प्रदाय किए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच एवं परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं।

जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में जिले के नगरीय क्षेत्र बालाघाट, वारासिवनी, मलाजखंड, कटंगी, बैहर एवं लांजी में विभिन्न वार्डों से पेयजल के सैंपल एकत्र किए गए हैं।

नगरीय निकायों द्वारा नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अमले द्वारा सतत निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार सुधारात्मक कदम भी उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रत्येक वार्ड में नागरिकों से संवाद कर यह अपील की गई है कि यदि कहीं भी दूषित अथवा गंदा पेयजल प्राप्त हो, तो तत्काल संबंधित नगरपालिका/नगर परिषद कार्यालय से संपर्क कर सूचना दें, ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

नगरीय प्रशासन द्वारा पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## मुझसे मिलने आपको रोकने के लिए चौखट पर कोई खड़ा नहीं रहताः विवेक पटेल

### मिश्रा नगर और सम्राट नगर में सी सी सडक़ निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी नगर मेरे लिए निर्वाचन को लेकर मुकुट के समान हैं, मैंने नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ा था, मुझे सर्वाधिक वोट मिले थे और विधानसभा चुनाव लड़ा, तब भी मुझे नगर की जनता ने बहुत आशीर्वाद दिया और विधायक बनाया। मै उनका ज़िंदगी भर आभारी रहूंगा। अब मेरी बारी हैं, मेरी इच्छा हैं कि मै वारासिवनी नगर के सभी वार्ड में विकास कार्य करूं। मगर वर्तमान में नगर पालिका में बैठे जनप्रतिनिधि नगर के कुछ वार्ड पार्षदों और रहवासियों में विकास कार्य करवाने भेदभाव कर रहे है। वारासिवनी नगर के किसी भी वार्ड में कांग्रेस के पार्षद नहीं हैं, फिर भी हम बिना भेदभाव किए नगर के वार्डों में भी विकास कार्य करवा रहे है।

इस आशय के उद्गार विधायक विवेक विक्की पटेल ने नगर के वार्ड नंबर एक मिश्रा नगर और वार्ड नंबर दो सम्राट नगर में 4 लाख रुपयों की लागत से बनने वाली सी सी सडक़ के भूमिपूजन के दौरान वार्डवासियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व अधिवक्ता स्वप्निल डोंगरे, अधिवक्ता रामकिशोर बिसेन, अनिल पिपरेवार, राजकुमार चौधरी, सत्तू बिसेन, अनीश बेग, हरि क्षीरसागर, नितिन पौनीकर, शेरा खान, दिलीप पटले, हेमचंद चौधरी, राजकुमार आड़े, राजेंद्र गनवीर, राजेंद्र शरणागत, अजीम खान, सचिन बंसोड सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

### वारासिवनी नगरपालिका में बैठे जनप्रतिनिधि विपक्ष के पार्षदों से करते है भेदभाव-विवेक पटेल

इस अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि जनप्रतिनिधि वह होता हैं, जो अपने विधानसभा क्षेत्र और नगरपालिका के वार्ड में विकास कार्य बिना भेदभाव करवाए। मेरे विधानसभा क्षेत्र में विपक्ष के भी जनप्रतिनिधि रहते हैं, मगर मुझे वो जो भी काम करवाने कहते है। मै उन काम को करवाता हूॅ। मुझे नहीं पता कौन कांग्रेस, भाजपा और विभिन्न दलों से हैं, मुझे तो बस क्षेत्र का विकास करना है। मुझे विधायक उन्होंने ने ही बनाया है। मेरी राशि पर उनका पूरा हक है। इसलिए वह जो भी कहते है, मै करता हूॅ। आप समझ सकते हो, नगर पालिका उपाध्यक्ष के वार्ड का क्या हाल हैं? तो बाकी वार्ड की स्थिति क्या होगी? जब नपा उपाध्यक्ष की परिषद में सुनने वाला कोई नहीं हैं, तो विपक्ष के पार्षद अपना दुःख किसे बताएंगे? वार्डवासियों ने मुझसे वार्ड में सडक़ बनवाने की मांग की थी, जिसका निर्माण कार्य बहुत जल्द प्रारंभ हो जाएगा। मेरा जनसंपर्क कार्यालय और घर के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं, मुझसे मिलने आपको रोकने के लिए मेरे चौखट पर कोई खड़ा नहीं रहता है। हर व्यक्ति मुझसे सीधे आकर मिल सकता है और अपनी समस्या बता सकता है। मैं समाधान करने का प्रयास करूंगा।

# इंदौर में दूषित पानी से 16 मौतें, यह हादसा नहीं, राज्य प्रायोजित अपराध हैः श्याम पंजवानी





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

इंदौर में दूषित, मल–मूत्र युक्त पानी पीने से 16 निर्दोष नागरिकों की मौत किसी तकनीकी चूक या आकस्मिक दुर्घटना का परिणाम नहीं है। यह भाजपा शासित नगर निगम और राज्य सरकार की घोर लापरवाही, प्रशासनिक निकम्मेपन और संवेदनहीन सत्ता रवैये से उपजा राज्य प्रायोजित अपराध है।जिस शहर को वर्षों से "स्मार्ट सिटी" का तमगा देकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रचारित किया जा रहा है, उसी शहर में लोग नल से आने वाला पानी पीकर मर रहे हैं। यह विडंबना नहीं, बल्कि शासन की विफलता का कड़वा सच है। सवाल साफ है—जब पानी की सप्लाई सरकार करती है,जब पाइपलाइन नगर निगम की है,जब निगरानी और जांच की जिम्मेदारी जल व स्वास्थ्य विभाग की है,तो इन 16 मौतों की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा?प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह ध्वस्तनगर निगम, जल विभाग और स्वास्थ्य विभाग—तीनों मोर्चों पर सिस्टम फेल साबित हुआ है। स्थानीय नागरिकों द्वारा दूषित पानी की लगातार शिकायतें की गईं, लेकिन न तो सप्लाई रोकी गई, न ही वैकल्पिक शुद्ध जल की व्यवस्था की गई। समय रहते पानी की जांच नहीं कराई गई, और जब हालात बिगड़ गए, लोग बीमार पड़ने लगे, तब भी प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोता रहा।आज जब 16 परिवार अपने प्रियजनों को खो चुके हैं, तब सरकार जांच की बातें कर रही है। सवाल यह है—क्या अब जांच लाशों पर होगी? यदि समय पर जांच होती, सप्लाई बंद की जाती, तो क्या ये जानें बच नहीं सकती थीं?संवेदनहीन सत्ता, अमानवीय बयानइस भयावह त्रासदी के बीच नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा पत्रकार के प्रश्न पर अशोभनीय शब्दों का इस्तेमाल करना सरकार की मानसिकता को उजागर करता है। यह कोई साधारण बयान नहीं, बल्कि मृतकों और उनके शोकाकुल परिवारों का अपमान है। यह अहंकार बताता है कि सत्ता को न जनता की पीड़ा दिखती है, न मानव जीवन की कीमत।यह केवल इंदौर का मामला नहींयह घटना सिर्फ 16 परिवारों की त्रासदी नहीं है। यह हर उस नागरिक की सुरक्षा पर सवाल है, जो रोज़ नल से पानी पीता है। अगर "स्मार्ट सिटी" में यह हाल है, तो प्रदेश के अन्य शहरों और कस्बों की स्थिति क्या होगी? यह संकट सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल का संकेत है।इस मामले में आधे-अधूरे आश्वासन स्वीकार नहीं होंगे। सरकार को तत्काल और ठोस कदम उठाने होंगे दोषी अधिकारियों और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों पर गैर-इरादतन हत्या नहीं, हत्या का मामला दर्ज किया जाए।प्रत्येक मृतक परिवार को कम से कम1। करोड़ रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।पूरे इंदौर की जल आपूर्ति व्यवस्था का न्यायिक एवं स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए और रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।दूषित पानी की सप्लाई के लिए जिम्मेदार ठेकेदारों और अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए।असंवेदनशील बयान देने वाले मंत्री कैलाश विजयवर्गी को सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दें।यदि सरकार यह समझती है कि इस जघन्य अपराध को दबा दिया जाएगा, तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल होगी। यह लड़ाई किसी दल या व्यक्ति की नहीं, बल्कि जनता के जीवन और अधिकारों की लड़ाई है।हम चुप नहीं बैठेंगे।जनता की जान से खिलवाड़ करने वालों को सड़क से सदन तक जवाब देना होगा।न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। उक्त कार्यक्रम मेंभीम फूलसुन्गे, श्याम पंजवानी, अल्लाह रखा,मकसूद खान, जीतू बर्वे,लक्ष्मी बगाडे, भुरु पटेल, अनिल बनोटे, अफरोज कुरैशी, उषा मिश्रा,श्रीराम गराडे, जय कृष्णा डीगरू,दुर्गा बरकड़े ,रंजन चौहान, सुशीला सरोते, शीला नगपुरे, तेजलाल सलाखें , अंकित अग्रवाल,धनेंद्र विश्वकर्मा, नितिन शिवहरे, शिवम शर्मा, ऋषभ सहारे, नितेश कटरे, प्रकाश कुत्राहे, सुखदेव मुनि कुत्राहे, प्रवीण मदनकर, डॉ मुकेश वरकडे, डॉक्टर दुर्गा बरकड़े, छविराम नागेश्वर, आजम खान, गोविंल चौरे, सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद रहे।

## जनजातीय कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेष कुमार प्राण के कुशल मार्गदर्शन में शासकीय कन्या जनजातीय छात्रावास बालाघाट में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में उपस्थित श्री डी.एन. सिंह, द्वितीय जिला न्यायाधीश बालाघाट द्वारा महिलाओं के अधिकारों एवं मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रावधानों की भी जानकारी दी। श्री सिंह ने ''मीडिएशन फॉर नेशन'' अभियान के तहत मध्यस्थता योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल एवं निष्पक्ष प्रक्रिया है, मध्यस्थ दबाव रहित वातावरण में विभिन्न पक्षो के विवादों का निपटारा कराता है। कार्यक्रम में मध्यस्थता के लाभों के बारे में बताते हुए कहा गया कि विवादों का अविलम्ब एवं शीघ्र समाधान होता है, मध्यस्थता की प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय होती है, सामाजिक सद्भावना कायम रखने में सहायक होता है।

श्री सिंह ने निःशुल्क विधिक सहायता एवं घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रावधानों के बारे में बालिकाओं को जानकारी दी।

## समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए किसान 9 जनवरी तक करा लें स्लॉट बुक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राज्य शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार जिले के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान के विक्रय के लिये 9 जनवरी तक स्लॉट बुक कर लेने का आग्रह किया गया है, ताकि उन्हें अपनी उपज के समर्थन मूल्य पर विक्रय में किसी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि शासन द्वारा जारी धान उपार्जन नीति के क्रियान्वयन की मानक प्रक्रिया के अनुसार किसानों द्वारा अपनी उपज के विक्रय के लिए उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर ही स्लॉट बुक किये जा सकेंगे तथा बुक किये गये स्लॉट की वैधता अवधि सात कार्य दिवस होगी। इसे देखते हुये जिले के सभी किसानों से 9 जनवरी तक धान विक्रय के लिए अपना स्लॉट बुक करने कहा गया है।

किसानों को स्लॉट बुकिंग में यदि कोई समस्या आ रही हो तो वे उन समस्याओं के निराकरण के लिये खाद्य विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों से उनके मोबाईल पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना से बदली ककोड़ी– साकरीटोला की तस्वीर

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना के अंतर्गत बालाघाट जिले के किरनापुर विकासखंड के ग्राम ककोड़ी से साकरीटोला मार्ग पर 01 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से स्लैब कल्वर्ट का निर्माण पूर्ण किया गया है। इस निर्माण से वर्षों पुरानी एक बड़ी समस्या का स्थायी समाधान हो गया है, जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी और राहत का माहौल है। ककोड़ी और साकरीटोला के बीच स्थित नाला वर्षों से आवागमन में बड़ी बाधा बना हुआ था। बारिश के दिनों में नाले में जलस्तर बढ़ जाने से दोनों ग्रामों का संपर्क पूरी तरह कट जाता था। कई बार ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर पानी पार करना पड़ता था। विशेष रूप से किसान अपने खेतों तक पहुँचने, बच्चों को स्कूल भेजने तथा दैनिक जरूरतों के लिए आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करते थे। बरसात समाप्त होने के बाद भी नाले का कीचड़ और तेज बहाव लोगों की मुश्किलें कम नहीं होने देता था।

## 93 हजार 452 किसानों से 1102.58 करोड़ रुपए की खरीदी गई धान

# समर्थन मूल्य पर 46 लाख 54 हजार 210 क्विंटल धान की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए प्रदेश शासन की उपार्जन नीति के अनुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 01 दिसम्बर 2025 से की जा रही है, जो 20 जनवरी 2026 तक चलेगी। चालू सीजन में जिले में 02 जनवरी 2026 की शाम तक 93 हजार 452 किसानों से 1102 करोड़ 58 लाख 23 हजार 490 रुपए की 46 लाख 54 हजार 210 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। किसानों से खरीदे गए धान का तेजी से उठाव कर गोदामों में पहुंचाया जा रहा है। अब तक 84 प्रतिशत से अधिक धान का परिवहन किया जा चुका है। किसानों को 622 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि जिले में 185 धान खरीदी केंद्रो पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। खरीदी केंद्रो पर किसानों से खरीदी गई धान का तेजी से उठाव कर परिवहन किया जा रहा है और गोदामों में पहुंचाया जा रहा है। अब तक 35 लाख 71 हजार 520 क्विंटल धान का परिवहन कर गोदामों में पहुंचाया गया है, जो कि कुल खरीदी गई धान का 84 प्रतिशत है।

किसानो के खाते में पहुंची 622 करोड़ रुपए की राशि

अब तक किसानों को 622 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है और यह राशि उनके खाते में पहुंच गई हैं। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए 01 लाख 30 हजार 37 किसानों द्वारा अपना पंजीयन किया गया है। इसमें से 01 लाख 16 हजार 828 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है। जिले के जिन खरीदी केंद्रो पर अधिक मात्रा में धान की खरीदी हो रही है, उन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही हैं। खरीदी केंद्रो से धान का उठाव कर उसे शीघ्रता से गोदामों में पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। किसानों से कहा गया है कि शासन की उपार्जन नीति के अनुसार एफएक्यू गुणवत्ता का धान ही समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। अतः वे अपनी धान को अच्छी तरह से साफ कर एवं सुखाकर ही विक्रय के लिए लाए।

# बिना हेलमेट पेट्रोल देने पर पंप संचालकों को फटकार

## यातायात प्रभारी ने दी चेतावनी; दोबारा गलती पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



**बालाघाट में बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल देने का मामला सामने आया है। रविवार को यातायात प्रभारी यीना राहंगडाले ने रविवार को निरीक्षण के दौरान बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल देने वाले पंप संचालकों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने दोबारा ऐसी गलती करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।**

1 नवंबर से दुपहिया वाहनों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है और पेट्रोल पंपों पर 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' का नियम लागू है। शुरुआती दिनों में इसका पालन देखा गया था, लेकिन बाद में कुछ वाहन चालकों को बिना हेलमेट पेट्रोल लेते देखा गया। राहंगडाले ने काली पुतली चौक और बस स्टैंड स्थित खंडेलवाल पेट्रोल पंप पर जाकर यह स्थिति देखी। पंप संचालकों को बुलाकर उन्होंने सख्त चेतावनी दी और नियम के पालन के लिए निर्देश दिए। यातायात प्रभारी ने बताया कि 1 से 31 जनवरी तक चल रहे यातायात माह के दौरान शहर के पेट्रोल पंपों पर हेलमेट जागरूकता पोस्टर लगवाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और हेलमेट पहनने की आदत को बढ़ावा देना है।